(ग) वर्तमान आयात नीति के अनुसार, उपभोक्ताओं द्वारा स्वयं कोयले का आयात स्वतंत्र रूप से किया जा सकता है, जोकि उनकी आवश्यकताओं, उनके स्वरूप के वाणिज्यिक हितों को ध्यान में रखकर किया जा सकता है। कोककर कोयले का आयात दो कारणों से किया जा रहा है:—

(i) देशीय उपलब्धता तथा आवश्यकताओं के अंतराल को पूरा किए जाने के लिए;

(ii) विस्फोटक भट्ठियों में सुधार किये जाने हेतु प्रौद्योगिकी कारणों से समग्र रूप में मिश्रण करके सुधार किए जाने के लिए।

तट आधारित विद्युत गृहों तथा सीमेंट संयंत्रों द्वारा भी परिवहन तंत्र और अवाणिज्यिक हितों को ध्यान में रखते हुए तथा निर्यात किये जाने संबंधी हकदारी के अंतर्गत अकोककर कोयले का लघु मात्रा में आयात किया जा रहा है।

(घ) और (ङ) इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

Increasing accidents in coal mines

137. SHRIMATI JAYANTI PATNAIK: Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) the number of accidents taken place in the coal mines during 1994-95, 1995-96 and 1996-97;

(b) whether recently there were some accidents in some coal mines in Orissa;

(c) if so, the causes of the rise in coal mine accidents; and

(d) the details of steps taken by Government to prevent the mine accidents in the country?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRIMATI KANTI SINGH): (a) As per data furnished by Directorate-General of Mines Safety (DGMS), 405 fatal accidents and 1974 serious accidents took place in the coal mines during the years 1994-95, 1995-96 and 1996-97 (Till date).

(b) As per report furnished by DGMS, there has been no fatal accident in coal mines of Orissa during the last six months. Nine serious accidents took place during the period.

(c) As per information furnished by Coal India Limited (CIL), there were 6 fatal and 9 serious mining accidents in the coal mines in Orissa under CIL in the year 1996 as compared to 9 fatal and 20 serious accidents in the year 1995. Thus, there was a reduction in the number of fatal accidents in coal mines of CIL in Orissa.

(d) Preventive steps as laid down in the Coal Mines Regulations 1957, directives of Directorate General of Mines Safety, Expert Committee recommendations as also the recommendations of various Courts of Inquiry, Safety Conferences, etc. are adopted by the mine managements. For better observance of these steps, Government is promoting self-regulation by coal companies through internal safety audits, workers' participation in safety management, tripartite/bipartite reviews at various levels, training and retraining of work persons, observance of safety weeks and safety campaings and national safety awards.

गेहूं का आयात

138. **श्री राम जेठमलानी:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत कुछ महीनों में देश में गेहूं की भारी कमी को देखते हुए बीस लाख टन गेहूं का आयात करने का निर्णय लिया गया था;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में विस्तृत जानकारी क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि आयात के निर्णय के बाद गेहूं का सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र द्वारा आयात किया गया है;

(घ) यदि हां, तो जनवरी 1997 के अन्त तक गेहूं का कितनी-कितनी मात्रा में सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र द्वारा आयात किया जा चुका है; और

(ङ) आयातित गेहूं का वास्तविक मूल्य क्या है और भारत में इसके आयात पर होने वाले अनुमानित व्यय का ब्यौरा क्या है?